(c) the details of allotments of land made by DDA and L&DO to private and public bodies during the last three years and the curent year and the time taken in each case alongwith the names of the localities where the land has been allotted; and

(d) what steps are being taken to check corruption in the land allotment departments of DDA an L&DO?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

मध्य प्रदेश में प्लेटीनम के भण्डार

832. कुमारी आलिया : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में मैनपुर में प्लेटीनम के विशाल भंडार हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन भंडारों के दोहन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(ग) क्या खनन विशेषज्ञों के किसी दल ने उस स्थल का दौरा किया है;

(घ) यदि नहीं, तो ऐसे किसी दल के कब तक भेजे जाने की सभावना है ; और

(ङ) क्या सरकार ने इस क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) जी नहीं ।

जम्मू और कश्मीर में रेल लाइनों का बिछाया जाना

833. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) जम्मू और कश्मीर में अब तक किन स्थानों तक रेल लाइनें बिछाई गई हैं तथा किलोमीटर में इनकी कुल लंबाई कितनी है ; और

(ख) क्या उक्त राज्य में रेल लाइनों का विस्तार करने की कोई योजना है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जून) : (क) कठुआ से जम्मू तवी तक तथा इसकी लम्बाई 77.29 कि०मी० है।

(ख) जम्मू तवी से ऊधमपुर (58 कि०मी०) तक बड़ी लाइन के विस्तार के लिए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

छितौनी में रेल-एवं-सड़क पुल का निर्माण

834. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि छितौनी में रेल-एवं सड़क पुल का निर्माण कार्य 7 जनवरी, 1990 को आरंभ किया गया था और तत्कालीन रेल मंत्री ने उस समय घोषणा की थी कि इस योजना को तीन वर्षों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा ;

(ख) इसके निर्माण कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है तथा इसके कब तक चालू होने की संभावना है ; और

(ग) इस योजना की कुल अनुमानित लागत कितनी है ?